प्रेस-नोट

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किये जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा दिन्नांक 17 जून 2022 को तीर्थ नगरी ऋषिकेश के गंगा घाट, परमार्थ निकेतन, स्वर्गाश्रम में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 2022 का काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा पशुपालन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास विभाग, उत्तराखंड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये हुए 500 से अधिक पशुपालकों एवं किसानो ने योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजीव कुमार बालियान मा. राज्य मंत्री, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन, भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए योग के साथ साथ पौष्टिक भोजन की उपयोगिता के बारे में बताया गया। डॉ. बालियान जो कि स्वयं भी पशुचिकित्सा विज्ञान में पी.एच.डी. है ने अतिसंवेदनशील श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों, वृद्धों, नवजात, शिशुओ एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के अच्छे स्वास्थ्य के लिए दुग्ध उत्पादों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। डॉ. बालियान ने बताया कि दुग्ध एक सम्पूर्ण आहार है जिसमें हमारे शरीर के पोषण हेतु आवश्यक सभी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होते हैं, दूध एवं दुग्ध पदार्थों में ऊर्जा प्रदान करने वाले वसा व कार्बोहाइड्रेट, हड्डियों व दांतों को मजबूत करने वाले विटामिन्स, मिनरल्स, प्रोटीन एवं शरीर की अन्य आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाले सूक्ष्म पोषक तत्व मौजूद होते हैं। डॉ. बालियान ने कहा कि 2014 के बाद पूरी दुनियां में योग को पहचान दिलाने का काम मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को योग महोत्सव के साथ जोड़ते हुए और अधिक प्रचारित प्रसारित किया है। डॉ. बालियाँ ने कहा कि पहाडो से पलायन को रोकने के लिए पशुपालन विशेष योगदान प्रदान करेगा, भारत सरकार पशुपालन के लिए विशेष योजनायें 40 से 50 प्रतिशत अनुदान के साथ संचालित कर रही है, जिससे रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। भारत सरकार पूरे देश में पशुओं में निशुल्क टीकाकरण के कार्यक्रम भी चला रही है।

इससे पूर्व डॉ. संजीव कुमार बालियान मा. राज्य मंत्री, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन, भारत सरकार द्वारा पशुलोक ऋषिकेश में भारत सरकार से वित्त पोषित राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजनान्तर्गत निर्मित राजकीय भेड एवं बकरी अतिहिमिकृत वीर्य उत्पादन एवं कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला का लोकार्पण किया गया। डॉ. आर.मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्री सुबोध उनियाल मा. वन मंत्री उत्तराखंड सरकार ने कहा कि हमें अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग को अपने जीवन की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। आदिकाल से ही ऋषिकेश ऋषि मुनियों एवं योगियों की तपस्थली रही है तथा सम्पूर्ण विश्व से लोग योग प्रशिक्षण हेतु ऋषिकेश आते रहे हैं। वर्तमान समय में परमार्थ निकेतन इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम में श्री सौरभ बहुगुणा मा. मंत्री पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, उत्तराखण्ड सरकार ने पतित पावनी माँ गंगा को नमन करते हुए डॉ. बालियान का आभार व्यक्त किया और कहा कि अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 2022 का काउंटडाउन कार्यक्रम योगनगरी ऋषिकेश में आयोजित किये जाने से सम्पूर्ण विश्व में योग के प्रति जागृति एवं चेतना का व्यापक प्रचार प्रसार होगा। श्री बहुगुणा ने कहा कि योग शरीर एवं स्वास्थ्य के लिए आधुनिक जिम से भी ज्यादा लाभकारी है। योग शरीर को निरोगी करने के साथ साथ आत्मा कि शुद्धि भी करता है।

कार्यक्रम में श्रीमती रेनू बिष्ट, मा. विधायक, यमकेश्वर ने अपनी विधानसभा में आये सभी महानुभाओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया एवं योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि योग, सार्वभौमिक है और भारत, योग का जन्मदाता है। योग, शरीर, आत्मा और परमात्मा के मिलन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के छत्रछाया एवं माँ गंगा के तट पर योग करना अध्यात्मिक एवं शरीर में उर्जा का संचार करता है।

स्वागत संबोधन करते हुए डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड ने कहा कि वेदों में योग से दुःख दूर करने, सुख प्राप्ति, स्वर्ग और मोक्ष की चर्चा भी की गयी है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेम कुमार, निदेशक पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य व्यक्तिओं, पशुपालकों एवं एनी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में श्रीमती अनीता ममगाई मा. मेयर, नगर निगम, ऋषिकेश, श्री राकेश रतूड़ी, मा. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, मुनि की रेती, श्री विजय कुमार जोगदण्डे जिलाधिकारी पौड़ी, डॉ. बी.सी. कर्नाटक, मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू.एल.डी.बी., डॉ. अविनाश आनंद, मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू.एस.डब्लू.डी.बी. उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष जोशी एवं डॉ. कैलाश उनियाल द्वारा किया गया।

पशुपालन विभाग, उत्तराखंड

भारत सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022
पशुपालन विभाग, उत्तराखंड

भारत सरकार
मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय
पशुपालन एवं डेयरी विभाग
तथा
पशुपालन, मत्स्य एवं दुग्ध विकास विभाग
उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित
आज़ादी का अमृत महोत्सव
Yoga for Harmony & Peace
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का काउन्टडाउन
Countdown to International Day of Yoga 2022
17 जून 2022
पशुपालन विभाग, उत्तराखंड

भारत सरकार
योग दिवस 2022 का काउन्टडाउन
पशुपालन विभाग, उत्तराखंड